क्षेत्रीय कार्यालय
REGIONAL OFFICE
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,भीलवाडा
RAJASTHAN STATE POLLUTION CONTROL BOARD, BHILWARA
Email:-rorpcb.bhilwara@gmail.com
www.environment.rajasthan.gov.in

International Year of Cooperatives 2025

Registered Letter/Post

RPCB/RO BHL/Gen-39/ 2151 - 2154 Date : 24/09/25

श्रीमान जनसंपर्क अधिकारी,
भीलवाड़ा ।

विषय: मेसर्स शुभ लक्ष्मी प्राइवेट लिमिटेड, ग्राम हमीरगढ़ तहसील-हमीरगढ़ ,जिला-भीलवाडा के सञ्चालन से जल, वायु प्रदूषण के सम्बन्ध में ।

सन्दर्भ :-1 समाचार पत्र राजस्थान पत्रिका में दिनांक 24.09.2025 को प्रकाशित खबर **"हमीरगढ़ में युवक टावर पर चढ़ा"** ।

2. समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 24.09.2025 को प्रकाशित खबर **"हमीरगढ़ में प्रदूषण से परेशान किसान टावर पर चढ़ा"** ।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भानुसार लेख है कि, प्रकरण में उल्लेखित उद्योग मेसर्स शुभ लक्ष्मी प्राइवेट लिमिटेड, ग्राम हमीरगढ़ तहसील-हमीरगढ़ ,जिला-भीलवाडा का निरीक्षण, परिवेशीय वायु गुणवता एवं चिमनी से उत्सर्जित धुएं की जाँच हाल में इस कार्यालय द्वारा दिनांक 30.07.2025 को की गयी थी, जिसमे उद्योग से जनित उच्छिष्ट के उपचार हेतु उच्छिष्ट उपचार संयंत्र) ETP (, RO प्लांट तथा RO प्लांट से जनित रिजेक्ट के निस्तारण हेतु बहु प्रभाव वाष्पित्र (MEE) एवम ATFD स्थापित किये हुए है जो कि शून्य जल निस्त्राव) ZLD (पद्धति आधारित हैं तथा चिमनी से उत्सर्जित धुएं के नियंत्रण हेतु स्टीम बायलर तथा थेर्मोपैक पर मल्टी चैम्बर साइक्लोन ,बैग फ़िल्टर,वेट स्क्रबर आदि स्थापित किये हुए है । दिनांक 08.01.2025 तथा 30.07.2025 को की परिवेशीय वायु गुणवता एवं चिमनी से उत्सर्जित धुएं की जाँच के परिणाम मानको के अनुरूप पाए गये थे ।जिनका विवरण निम्नुसार है |

क्र. स.	मोनिटरिंग दिनांक	मानक	दिनांक 08.01.2025 के परिणाम	दिनांक 30.07.2025 के परिणाम
1.	परिवेशीय वायु गुणवता (Ambient Air Quality Monitoring)	100 (µg/m³)	97 (µg/m³)	92 (µg/m³)
2.	चिमनी से उत्सर्जित धुएं की जाँच (Stack Monitoring)	100 (mg/Nm³)	89 (mg/Nm³)	73 (mg/Nm³)

क्षेत्रीय कार्यालय
REGIONAL OFFICE
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,भीलवाडा
RAJASTHAN STATE POLLUTION CONTROL BOARD, BHILWARA
Email:-rorpcb.bhilwara@gmail.com
www.environment.rajasthan.gov.in

2025
International Year of Cooperatives

इसी क्रम में किसानो की जमीन ख़राब होने के संदर्भ लेख है कि, कृषि विभाग द्वारा उद्योग के आसपास की जमीनों के नमूने एकत्रित किये थे तथा कृषि विभाग के पत्र दिनांक 26.11.2024 को के अनुसार जमीन में पर्याप्त मात्रा में सूक्ष्म तत्व तथा मिट्टी को कृषि के लिए उपयुक्त माना है ।

अत: वर्तमान में इस कार्यालय द्वारा उक्त प्रकरण के संबंध में इस विभाग द्वारा कोई कार्यवाही लंबित नही है ।

भवदीय,

(दीपक धनेटवाल)
क्षेत्रीय अधिकारी

प्रतिलिपि-

1. सदस्य सचिव,राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, जयपुर , को सूचनार्थ प्रेषित है ।
2. जिला कलक्टर महोदय, भीलवाडा को सूचनार्थ प्रेषित है ।
3. प्रभारी अधिकारी , प्रोजेक्ट सेल, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, जयपुर, से निवेदन है कि, इस सूचना को DIPR पोर्टल पर अपलोड करने का श्रम करावे ।

क्षेत्रीय अधिकारी

दैनिक भास्कर
भीलवाड़ा भास्कर 24-09-2025

हमीरगढ़ में प्रदूषण से परेशान किसान टावर पर चढ़ा



हमीरगढ़ | प्रोसेस इकाई से हो रहे प्रदूषण के खिलाफ मंगलवार को विरोध देखने को मिला। किसान सूरज माली बीएसएनएल के टावर पर चढ़ गया। आरोप लगाया कि कपड़ा उद्योग से निकलने वाला जहरीला धुआं, कोयले की राख और गैस का उत्सर्जन से फसलें प्रभावित कर रही है। एक वर्ष से प्रदूषण की रोकथाम की मांग की जा रही है। कई बार कलेक्टर, उपखंड अधिकारी, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति तक को लिखित शिकायतें भेजी गई। अब तक कार्यवाही नहीं हो सकी है।

हमीरगढ़ में युवक टावर पर चढ़ा

पत्रिका
पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

भीलवाड़ा. हमीरगढ़ क्षेत्र स्थित एक प्रोसेस हाउस के खिलाफ किसान सूरज माली बीएसएनएल के टावर पर चढ़ गया। माली का कहना है कि प्रोसेस हाउस से निकलने वाले धुएं के कारण उसकी फसल खराब हो रही है। इस मामले में माली ने पहले भी प्रशासन को शिकायत दर्ज करवाई थी। इसकी जांच की गई थी, लेकिन उसमें कुछ भी सामने नहीं आया था। आरपीसीबी के अधिकारी का कहना है कि प्रोसेस हाउस में अत्याधुनिक मशीने लगी हैं। इसमें पानी का ज्यादा उपयोग नहीं है। क्षेत्र के लोग इस उद्योग की लगातार शिकायत कर रहे इसके पीछे क्या कारण इसका अभी खुलासा नहीं हुआ है।